छोटा भीम और स्वच्छता

किताब 2



# मल असुर और अदृश्य कीटाणू

# छोटा भीम और स्वच्छता

यह किताब एक साफ–सफाई और स्वच्छता पाठ्यक्रम का हिस्सा है। इसका उद्देश्य पूरे भारत में बच्चों को सशक्त करना है ताकी वह समाज में लोगों को शौचालय का प्रयोग करने और साबुन से हाथ धोने का महत्व समझा सकते हैं। अधिक जानने के लिए https://elab.emerson.edu/hygiene/ देखें।


ENGAGEMENT LAB

द्वारा विकसित

GREEN GOLD Animation Pvt Ltd

MARY ANNE CHARITY TRUST MACT

साझेदारी में

UBS

UBS Optimus Foundation

द्वारा समर्थित



कीटाणु फैलाने वाला जादूगर खुले खेत में खड़ा है जहां लोग शौच जाते हैं।

वह एक शक्तिशाली मंत्र का प्रयोग करके ढोलकपुर से सभी साबुन गायब कर देता है!



अगले हफ्ते, ढोलकपुर के लोग पेट की बीमारी से बहुत बीमार हो जाते हैं।

भीम और चुटकी डॉक्टर के पास जाते हैं।

डॉक्टर बहुत व्यस्त है और उनसे बीमारी का कारण पता लगाने के लिए मदद मांगतीं है।



भीम, चुटकी और उनके दोस्त, स्वच्छता के जादूगर को बुलाने के लिए हाथ धोने का मंत्र पढ़ते हैं।

स्वच्छता का जादूगर एक जादुई क्रिस्टल बॉल की मदद से उन्हें भूतकाल में ले जाता है जब लोगों ने कीटाणु फैलाए थे।

कीटाणु बहुत सूक्ष्म होते हैं जिन्हें हम अपनी आंखों से नहीं देख सकते हैं।



गंदे कीटाणु से लोग बीमार पड़ते हैं। वे आपके शरीर में रहते हैं और शौच और लार के ज़रिए फैलते हैं।

हमारे शरीर में कीटाणु तब प्रवेश करते हैं जब हम अपने मुंह, भोजन या पानी को गंदे हाथों से छूते हैं, या जब किसी की खांसी या छींक से निकलने वाले कीटाणुओं को सांस के ज़रिए अपने अंदर ले जाते हैं।

साबुन में नमी होती है जिसमें कीटाणु जमा हो जाते हैं!

इससे पहले कि वे हमारे हाथों से पानी, भोजन और हमारे शरीर के अंदर जाएं, साबुन से हाथ धोने से गंदे कीटाणु दूर हो जाते हैं।



स्वच्छता का जादूगर अपनी क्रिस्टल बॉल में ढोलकपुर के लोगों को दिखाता है।

साबुन से हाथ धोने से हमारे हाथों में लगे कीटाणु दूर हो जाते हैं।



हमें शौच के बाद या बच्चे के गंदे नैपी बदलने के बाद हाथ धोने चाहिए।



हमें खाना खाने या पीने का पानी निकालने से पहले हाथ धोने की ज़रूरत है। हमें अपने मुंह, भोजन और पानी को छूने से पहले कीटाणुओं से छुटकारा पाना होगा वरना ये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाएंगे।



जब हम खाना बनाते हैं, तो हमारे हाथों के कीटाणु खाने में चले जाते हैं।

यदि हम बच्चे को अपने हाथ धोए बिना खाना खिलाते हैं तो हमारे हाथ से कीटाणु बच्चे के मुंह में जा सकते हैं।



स्वच्छता का जादूगर बताता है कि क्रिस्टल बॉल में कोई भी व्यक्ति ज़रूरत पड़ने पर अपने हाथ साबुन से नहीं धो रहा है।

स्वच्छता का जादूगर उन्हें एक नया मंत्र सिखाता है जो हर किसी को यह याद रखने में मदद करेगा कि उन्हें कब साबुन से हाथ धोना है।

इस मंत्र को पढ़ने से हर कोई हमारे हाथों से फैलने वाले कीटाणुओं से बीमार नहीं होगा!

हाथ धोने हैं तो साबुन से! खाने से पहले धोएं! पकाने से पहले धोएं! पानी निकालने से पहले धोएं! बच्चे को खिलाने से पहले धोएं! शौच करने के बाद धोएं! बच्चे का डायपर बदलने के बाद धोएं! लेकिन, हाथ धोने हैं तो साबुन से!



स्वच्छता का जादूगर चुटकी को एक जादूई चश्मा देता है जिससे वह कीटाणुओं को देख पाती है।

स्वच्छता का जादूगर चुटकी और उसके दोस्तों को सलाह देता है कि वे चश्मे का इस्तेमाल लोगों को यह समझाने के लिए करें कि निश्चित समय पर साबुन से हाथ धोने से लोग कीटाणुओं से बीमार नहीं पड़ेंगे।



चुटकी स्वच्छता के जादूगर के क्रिस्टल बॉल को देखती है।

वह देख सकती है कि लोगों के हाथ जामुनी रंग के कीटाणुओं से दूषित हैं जबकि वे भोजन पकाने जा रहे हैं!

यदि वे साबुन से हाथ नहीं धोएंगे तो कीटाणु भोजन में प्रवेश कर जाएंगे और दूसरों को बीमार कर देंगे।



भीम और उसके दोस्त जादुई चश्मे के साथ ढोलकपुर लौटते हैं और देखते हैं कि बहुत से लोग साबुन से हाथ नहीं धो रहे हैं।

वे डॉक्टर के पास लौटते हैं और उनहें बताते हैं कि कोई भी साबुन से हाथ नहीं धो रहा है।

डॉक्टर गांव के लोगों को इकट्ठा करती हैं और उन्हें बताती कि वे इसलिए बीमार हो रहे हैं क्योंकि वे साबुन से हाथ नहीं धोते जिससे कीटाणु फैलते हैं।



“मैं अपने हाथ पानी से धोता हूँ” एक बूढ़े व्यक्ति ने कहा। उनके हाथ साफ दिखते हैं।

चुटकी बताती है कि कीटाणु बहुत छोटे व सूक्ष्म होते हैं जिन्हें आंखों से नहीं देखा जा सकता। जब हाथ साफ दिखते हैं, तब भी उनमें कीटाणु हो सकते हैं।

चुटकी चश्मा लगाती है और उस बूढ़े व्यक्ति को बताती है कि उनके हाथ कीटाणुओं से भरे हुए हैं!



बूढ़े आदमी जादुई चश्मा लगाते हैं।

वह दूसरे लोगों को बताते हैं कि उन सब के हाथ जामुनी रंग के कीटाणुओं से चमक रहे हैं!

वह नीचे अपने फैले हुए हाथों की ओर देख कहते हैं "अरे! मेरे हाथ भी कीटाणुओं से भरे हुए हैं!"

लोग एक दूसरे को चश्मा देते हैं। वे जो देखते हैं उससे हैरान रह जाते हैं और उन्हें घिन होने लगती है।



एक महिला ने कहा कि वह कुछ नहीं कर सकती क्योंकि किसी ने उनका साबुन चुरा लिया था! दूसरे भी उनकी हां में हां मिलाते हैं।

एक अन्य वयस्क ने कहा कि वह साबुन नहीं खरीद सकता।

डॉक्टर बताती हैं कि कीटाणुओं को दूर भगाने के लिए साबुन सबसे शक्तिशाली उपाय है, लेकिन आप अपने हाथों से कीटाणुओं को हटाने के लिए साबुन के पानी का घोल और लकड़ी की राख का प्रयोग भी कर सकते हैं।

ढोलकपुर में हर कोई भीम और उसके दोस्तों से चोरी हुए साबुन को खोजने के लिए कहते हैं।



चुटकी अपना जादुई चश्मा लगाती है और पैरों के बैंगनी निशान का पीछा करते हुए एक गुफा तक पहुंचती है जिसे एक बड़ी चट्टान से ढका गया है।

भीम चट्टान को हटाता है, गुफा में जाता है और उसे ढेरों–ढेर साबुन मिलते हैं!

वे साबुन की जादुई टिकिया का प्रयोग करते हैं और हाथ धोने का मंत्र पढ़कर स्वच्छता के जादूगर को बुलाते हैं।



कालिया स्वच्छता के जादूगर को बताता है कि क्या हुआ था।

स्वच्छता का जादूगर कहता है कि हाथ धोने का मंत्र साबुन को उन लोगों तक पहुंचा देगा जिन्हें इनकी जरूरत है और उन्हें अपने हाथ साबुन से धोने की याद दिलाएगा।

क्या आप भीम, चुटकी, और उनके दोस्तों को ढोलकपुर वापस लाने के लिए सभी लोगों की मदद कर सकते हैं और लोगों को याद दिला सकते हैं कि उन्हें कब हाथ धोना चाहिए?



जादुई साबुन की टिकिया कांपना शुरू कर देती है और हजारों बुलबुले बनाती है!

ये बुलबुले हवा में तैरते हैं, सब साबुन उठाते हैं, और उन्हें ढोलकपुर की ओर ले जाते हैं।

बुलबुले उन लोगों को ढूंढते हैं जो अपने हाथ धोना चाहते हैं और उन्हें साबुन देते हैं।

अचानक, कीटाणु फैलाने वाला जादूगर गुफा से निकलता है और एक दुष्ट राक्षस को उन्हें रोकने के लिए बुलाता है।



जहां लोग शौच के लिए जाते हैं वहां पड़े मल से एक विशाल राक्षस निर्मित होता है।

यह राक्षस हमला करने के लिए ढोलकपुर की ओर बढ़ता है, और अपने पीछे गंदगी के निशान छोड़ जाता है।



भीम और उसके दोस्त ढोलकपुर की ओर भागते हैं।

भीम राक्षस की ओर उड़ता है और उसे मारता है, लेकिन वह उछलकर वापस आ जाता है। यह भीम से भी ज़्यादा शक्तिशाली है!

चुटकी को एक योजना सूझती है!



भीम, चुटकी और उनके दोस्त राजा के महल की ओर दौड़ते हैं, जहाँ कीटाणुओं के जादूगर ने कब्ज़ा जमा रखा है।

कीटाणुओं का जादूगर मूर्तियों से भरे एक कमरे में है।

भीम, चुटकी और उनके दोस्त खुद को रंगोली पाउडर से ढक लेते हैं।

जब कीटाणुओं के जादूगर की पीठ उनकी ओर होती है, तो वे चोरी–छीपे उसके करीब पहुंच जाते हैं। जब भी वह घूमता, तो वे मूर्ती या स्टैचू बन जाते हैं।

आखिर में वे उस पर झपट पड़ते हैं और भीम उसकी छड़ी को अपने कब्ज़े में ले लेता है।



भीम मल राक्षस के पीछे जाता है और कीटाणुओं के जादूगर की छड़ी से उसपर वार करता है। राक्षस टुकड़ों में बिखर जाता है। चुटकी सही थी!

ढोलकपुर के लोग बाहर निकल आते हैं और खुशी मनाते हैं!

कीटाणुओं का जादूगर दुष्ट हंसी हंसता है और दोबारा लौटने की प्रतिज्ञा करता है।

कीटाणुओं का जादूगर चिल्लाता है, "किसी भी समय यदि कोई साबुन से अपने हाथ नहीं धोते हैं या जब वे शौचालय का प्रयोग नहीं करते हैं, जबकि उन्हें करना चाहिए, तो मेरी शक्ति कई गुना बढ़ जाती है!"

क्या आप चुटकी और भीम की हर किसी को स्वच्छता के जादूगर का मंत्र सिखाकर कीटणुओं के जादूगर और उसके दुष्ट मल राक्षस को दूर रखने में मदद कर सकते हैं?